तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 8 फरवरी 2026

13 मुंडा में स्वयंसेवकों ने बनाई पोषण बगिया,...

14 नशा मुक्त और अनुशासित जीवन है राष्ट्र निर्माण ...




## खबर संक्षेप

### दतान परिक्षेत्र के साहू समाज की बैठक आज

पलारी। साहू समाज दतान परिक्षेत्र की आवश्यक बैठक रविवार को ग्राम साराडीह में रखी गई है। बैठक में आदर्श विवाह को बढ़ावा देने सहित विभिन्न सामाजिक प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। बैठक में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। बैठक की जानकारी दतान परिक्षेत्र अध्यक्ष गणपत साहू, सचिव सरोज साहू एवं परमेश्वर साहू ने दी। उन्होंने समाजजनों से समय पर पहुंचकर बैठक में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

### बसना थाना क्षेत्र के शराब भट्ठी के पास मारपीट

**महासमुंद।** शराब भट्ठी के पास मारपीट की घटना में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को दया कोसरिया ने बताया कि 06 फरवरी को वह गांव के खेमराज हिरवानी की सगाई कार्यक्रम में सम्मिलित होने ग्राम तोषगांव गया था। दोपहर करीबन 1 बजे गांव के रतन खुंटे ने उसे बताया कि अर्जुन सिंह मिरी को कुछ लोग पझरापाली जाने के रोड स्थित शराब भट्ठी के पास मारने के लिए दौड़ा रहे है, तब वह रतन खुंटे के साथ वहां पर गया और देखा तो कुछ लोग हाथ में डंडा पकड़े अर्जुन सिंह मिरी को मारने के लिए दौड़ा रहे थे। तब उसने और रतन ने बीच बचाव कर झगड़ा विवाद करने से रोका। खाना खाने के बाद करीबन 3 बजे वह रतन के साथ शराब भट्ठी तोषगांव के पास गया था, तभी पहले से उपस्थित रितेश के द्वारा उसके साथ गाली गलौज किया गया। मना करने पर हाथ में पहने चूड़ा से मारपीट की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सिनोधा के ईदगाह भाठा के पास जमीन विवाद को लेकर मारपीट के मामले में पटेवा आने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी अरशद खान ने बताया कि ग्राम सिनोधा के ईदगाह भाठा में हमारी काबिज जमीन है, जिसके सीमांकन के लिये तहसील कार्यालय पटेवा में आवेदन दिया था। इसके बाद सीमांकन के लिए राजस्वह विभाग से कर्मचारी अधिकारी 6 फरवरी को आये थे, उसी समय गांव के यासीन खान, मो. रफीक खान एवं उसके परिवार के लोगों के द्वारा सीमांकन करने नहीं देंगे कहकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई। साथ ही घर को जलाने और जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान बीच बचाव करने आये युवराज ध्रुव के साथ भी मो रफीक खान द्वारा डंडे से मारपीट किया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सिरपुर में साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह आज

**महासमुंद।** धार्मिक नगरी सिरपुर के संत कर्मा माता मंदिर प्रांगण में आज 8 फरवरी को साहू समाज परिक्षेत्र सिरपुर का शपथ ग्रहण समारोह होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष ढालूराम साहू करेंगे। सामाजिक पदाधिकारियों ने सजातीय बंधुओं से इस कार्यक्रम में सादर उपस्थित होने की बात कही है।

### निगम ने की 5 दुकानें सीलबंद

**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 के राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को बकायेदार 5 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को सीलबंद किया है। इसमें वार्ड 58 क्षेत्र की 3 तथा वार्ड नंबर 60 एवं 62 में 1-1 दुकान को सीलबंद किया है।

# विकसित भारत जी रामजी योजना से ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

## पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल संचयन के कार्यों का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- जिले की पंचायतों में किया गया रोजगार दिवस का आयोजन

जिले की पंचायतों में शनिवार को रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। विकसित भारत -जीरामजी योजना की जानकारी, मनरेगा कार्यों के क्यूआर कोड की जानकारी से अवगत कराया गया। रोजगार दिवस के दौरान मनरेगा श्रमिकों को कार्यस्थल में विकसित भारत -जीरामजी प्रचार सामग्री, पाम्पलेट प्रदाय कर जानकारी दी गई। क्यूआर कोड के माध्यम से ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों द्वारा स्कैन कर मनरेगा योजना की जानकारी से अवगत हुए। पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल संचयन के कार्यों एवं उसके लाभ के संबंध में बताया गया। वर्तमान में मांग के आधार पर कार्य प्रारंभ किए जाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इस संबंध में महात्मा गांधी नरेगा के प्रावधानों को दृष्टिगत रखते हुए मांग के आधार पर ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत एवं आरंभ करने, मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन तथा आजीविका संवर्धन से संबंधी महत्वपूर्ण कार्य आजीविका डबरी स्वीकृत करने में अधिक से अधिक श्रमिक लगाकर कार्य को 15 मार्च तक पूरा करने कहा गया।




## छत्तीसगढ़ राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित, देशभर के कबीरपंथियों में हर्ष


# दामाखेड़ा का नाम अब हुआ कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

छत्तीसगढ़ सरकार ने जिला बलौदाबाजार के सिमगा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम दामाखेड़ा के नाम परिवर्तन को लेकर अधिकारिक अधिसूचना 5 फरवरी को जारी कर दी है। अब दामाखेड़ा का नाम विधिवत नया नाम कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा हो गया है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों दामाखेड़ा में आयोजित सद्गुरु संत समागम समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंथ श्री प्रकाश मुनि नाम साहब सहित लाखों कबीर पंथियों के समक्ष इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा था कि शीघ्र ही दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के नाम परिवर्तन को लेकर अधिकारिक अधिसूचना जारी की जाएगी, जो 5 फरवरी को जारी हो गया है। इस संदर्भ में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा सहित क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जो कहा था उसे पूरा करके सिद्ध किया है कि हमारी सरकार जो वादा करती है तो उसे पूरा भी करती हैं। विधिवत अधिसूचना जारी होने पर देश भर के कबीरपंथियों में हर्ष व्याप्त है।




छत्तीसगढ़ राजपत्र
(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

सामान्य प्रशासन विभाग

अधिसूचना

Nava Raipur Atal Nagar, the 5th February 2026

NOTIFICATION

F.N.- GENCOR-35/48/2024-GAD-5— In the context of the decision taken in the meeting of Chhattisgarh Cabinet of Ministers, dated 04 June, 2025 and in line with the consent given by the Ministry of Home Affairs, Government of India (CS Division, M&G Section) in Memorandum No. 11/44/2025-M&G, dated 15 December, 2025, the State Government hereby changes the name of the village mentioned in column 2 of the following table as mentioned in columns 3 and 4 (Hindi and English).

| S.N. | Present name of the village | Correct Devanagari Spelling of the changed name | Correct Roman spelling of the changed name |
|---|---|---|---|
| 1. | Damakhera, Teh.-Simga, Dist.-Balodabazar-Bhatapara, Chhattisgarh | कबीर धर्म नगर, दामाखेड़ा | KABIR DHARM NAGAR DAMAKHERA |

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
ANSHIKA RISHI PANDAY, Deputy Secretary.

127

### कबीरपंथियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है दामाखेड़ा

यह रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर सिमगा से करीब 10 किमी दूर स्थित दामाखेड़ा एक छोटा सा गांव है, लेकिन कबीरपंथियों के लिए यह दुनिया के सबसे बड़े आस्था केंद्रों में गिना जाता है। कबीर के सत्य, ज्ञान और मानवतावादी सिद्धांतों पर आधारित इस स्थान पर वर्ष 1903 में कबीरपंथ के 12वें गुरु उग्रनाम साहब ने कबीर मठ की स्थापना की थी। तभी से दामाखेड़ा कबीरपंथियों के प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। दामाखेड़ा कबीरपंथ की महत्वपूर्ण गद्दियों में से एक है। मेले के दौरान यहां विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होते हैं और कबीर पंथ में दीक्षा भी दी जाती है। परिसर की दीवारों पर कबीरदास की जीवनी को चित्रों और नक्काशी के जरिए दर्शाया गया है। पास के कुदुरमाल में कबीरदास के प्रमुख शिष्य धरमदास के पुत्र चुड़ामनदास सहित अन्य गुरुओं की समाधियां भी स्थित हैं।

# सूने मकान से जेवर की चोरी आरोप में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



स्थानीय पुलिस ने टीहूपारा क्षेत्र में हुई एक बड़ी चोरी की गुत्थी कुछ ही घंटों में सुलझा ली है। प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर सोने के जेवर पार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से मशरूका बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक लखेश केंवट के अनुसार प्रार्थी सक्षम जायसवाल निवासी टीहूपारा सिमगा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 5 फरवरी की रात्रि जब वह घर वापस आया तो देखा कि गेट का ताला टूटा हुआ था घर के अंदर अलमारी में रखे 30 हजार कीमत के सोने के जेवर नहीं थे। साथ ही अलमारी का सामान भी बिखरा हुआ था। अज्ञात चोर द्वारा उक्त सामान को चोरी कर लिया गया है। जिस पर पुलिस ने धारा 331(4), 305 (ए), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया। इस दौरान पुलिस द्वारा आरोपी झग्गर निषाद 21 वर्ष निवासी टीहूपारा सिमगा एवं मनीष गायकवाड़ 20 वर्ष निवासी टीहूपारा सिमगा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने प्रार्थी के घर को सूना पाकर रात्रि के समय उसके घर में चोरी करना स्वीकार किया। प्रकरण में दोनों आरोपियों से चोरी का 28 हजार कीमत का सोने का जेवर बरामद कर दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा है।

### शराब व निर्माण सामग्री बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने एक युवक के कब्जे से महुआ शराब व निर्माण सामग्री बरामद कर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिलने सुखापाली में छापामारकर आरोपी हमीद बर्मन पिता स्व. भुनेश्वर बर्मन (19 वर्ष) सुखापाली के कब्जे से कुल 30 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 6000 रुपए एवं शराब निर्माण करने की सामग्री बर्तन व मोटर सायकल बिना नंबर का एवं नकदी रकम 6740 रुपए तथा 02 नग मोबाईल कुल कीमत 30000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### घर के सामने खड़ी बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम तोरला में एक घर के सामने खड़ी बाइक चोरी के मामले में पटेवा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी कृष्णा यादव ने बताया कि वह अपने ससुराल ग्राम तोरला रहता है। 1 फरवरी को वह अपनी मोटर सायकल हीरो होंडा पैशन प्रो क्रमांक सीजी 04 डीआर 2200 को ग्राम तोरला के करण सोडी के घर के सामने बाहर में खड़ी कर रायपुर गया था। रात में करीबन 11.30 बजे करण सोडी ने फोन कर बताया कि मोटर सायकल को 10 से 11 बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

## 33 पौवा शराब और बाइक जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा




राजधानी पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खरोरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अवैध शराब परिवहन कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है।

थाना खरोरा पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिना पिछले नंबर प्लेट वाली काले रंग की पल्सर बाइक पर शराब की बड़ी खेप लेकर जा रहा है। छड़िया रोड पर घेराबंदी कर पुलिस ने खरोरा के वार्ड 3 तीन निवासी 22 वर्षीय नरेश कुमार पिता खिलावन सूर्यवंशी को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद सफेद बोरी से अवैध देशी शराब 33 पौवा और पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएम 2204 को जब्त किया। आरोपी के पास शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

# कृषि विज्ञान केंद्र में महिलाओं ने सीखे आंवला और टमाटर से उत्पाद बनाने के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा स्व- सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आय सृजन के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय फल एवं सब्जियों का मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण दिया गया। आंवला एवं टमाटर जैसे पोषण युक्त उत्पादों को सही उपयोग करके न केवल आय अर्जित की जा सकती है, बल्कि स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के उद्यानिकी विशेषज्ञ, डॉ. सविता राजपूत द्वारा आंवला, टमाटर के पोषण गुणों और उनसे तैयार होने वाले उत्पाद जैसे टमाटर, सॉस, कैचप, आंवला का मुरब्बा, कैंडी, मुखवास एवं आचार बनाने की विधि को मौखिक एवं प्रयोग रूप से विस्तार पूर्वक जानकारी दी। केंद्र की पौध रोग विशेषज्ञ, दीपमाला लकड़ा द्वारा आंवला एवं टमाटर के उत्पाद की प्रक्रिया का, गुणवत्ता नियंत्रण एवं उचित पैकेजिंग और ब्रांडिंग के महत्व को बताया। इस प्रशिक्षण में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने इसे अपनी आजीविका सुधारने एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## वॉलीबॉल, रस्साकसी, तवा फेंक, गोला फेंक और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं हुईं

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी जुंबा डांस की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस खेल उत्सव में विद्यार्थियों ने भारी उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बीरू लाल बरगाह ने किया। खेल प्रतियोगिताओं का सफल संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रिया कन्नौजे के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान उत्साहपूर्ण शुरुआत और सांस्कृतिक झलक

खेल उत्सव का आगाज ऊर्जा से भरपूर जुंबा डांस के साथ हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे तालमेल और जोश के साथ हिस्सा लिया। इस प्रस्तुति ने पूरे मैदान का माहौल खेलमय और उत्साहजनक बना दिया।विभिन्न खेल विधाओं में कड़ा मुकाबला जुंबा डांस के तुरंत बाद खेल स्पर्धाओं का सिलसिला शुरू हुआ। खेल उत्सव के दौरान वॉलीबॉल, रस्साकसी, तवा (चक्का) फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विशेष बात यह रही कि इन सभी विधाओं में बालक और बालिका दोनों वर्गों के मैच आयोजित किए गए जिसमें खिलाड़ियों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य और क्रीड़ा अधिकारी के साथ-साथ महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य डॉ. बीरू लाल बरगाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी है बल्कि इनसे टीम भावना और अनुशासन भी विकसित होता है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रिया कन्नौजे ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यार्थियों के बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और स्टाफ के सक्रिय सहयोग से यह वार्षिक खेल उत्सव महाविद्यालय के इतिहास में एक यादगार आयोजन के रूप में दर्ज हुआ।

# नीति आयोग की टीम ने रिसदा में मनरेगा कार्यों का किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय नीति आयोग की सर्वे टीम ने जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम रिसदा में शुक्रवार को मनरेगा योजना के संबंध में फील्ड सर्वे संपादित किया। सर्वे के दौरान मनरेगा पंजीकृत श्रमिकों क्रमशः शून्य मानव दिवस, 1-90 मानव दिवस, 91 से अधिक मानव दिवस के हितग्राहियों का सर्वे दल द्वारा नीति आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित प्रश्नावली पर साक्षात्कार किया गया। इसी क्रम में सामुदायिक परिसंपत्ति, पौधारोपण एवं सामुदायिक डबरी कार्यों की जानकारी के लिए ग्रामीण मेट से नीति आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित प्रश्नावली पर साक्षात्कार किया गया। योजना के क्रियान्वयन की विभिन्न जानकारी के लिए ग्राम रोजगार सहायक से नीति आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित प्रश्नावली पर साक्षात्कार किया गया। सर्वे दल द्वारा मोबाइल एप्प में पूर्व निर्धारित प्रश्नावली को अलग-अलग श्रेणी के पंजीकृत श्रमिकों से जानकारी प्राप्त कर में प्रविष्ट किया गया। इस निरीक्षण भ्रमण में नीति आयोग से नीतू गडेलिया, जुही राजन, ओआर जी से कमलेन्द्र प्रताप सक्सेना एवं जिले से मनरेगा टीम उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### आपसी रंजिश पर युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक अन्य युवक पर आपसी रंजिश पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। चाकू मारने वाला युवक हिस्ट्रीशीटर है। आदिल इनायत ने आदिल रजा उर्फ हरा सोनू के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। आदिल इनायत ने पुलिस को बताया है कि हरा सोनू के साथ उसके छोटे भाई का कुछ दिन पूर्व विवाद हुआ था। इस बात को लेकर वह समझौता कराने हरा सोनू के घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में हरा सोनू ने जेब से चाकू निकालकर आदिल इनयात पर हमला कर दिया।

### अवैध गतिविधि रोकने बस संचालक, एजेंट्स के साथ बैठक



**रायपुर।** भाठागांव स्थित इंटर स्टेट बस टर्मिनल में शुक्रवार को डीसीपी संदीप पाटील तथा राजेंद्र नगर एसीपी नवनीत पाटील ने बस ऑपरेटर तथा एजेंट्स की बैठक ली। बैठक में पुलिस अफसरों ने सभी परिचालकों एवं ड्राइवरों को निर्देशित किया कि वे यात्रियों के साथ सौम्य व्यवहार रखें, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रात्रिकालीन यात्रा के समय विशेष सतर्कता बरतने पुलिस अफसरों ने निर्देश दिए।

### सट्टा संचालित करते दो सटोरिए गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो सटोरियों को गिरफ्तार कर 22 हजार रुपए कैश के साथ सट्टा-पट्टी जब्त की है। सट्टा संचालित करने के आरोप में पुलिस ने नरेंद्र कोठले तथा वरुण सोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों सटोरियों को खालबाड़ा स्थित बांस पेड़ के नीचे सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया है।

### दुष्कर्म कर ब्लैकमेल आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी थाने की पुलिस ने युवती की शिकायत पर रेप कर ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवती से रेप तथा ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने महासमुंद, सांकरा निवासी नित्या कुमार बरिहा को गिरफ्तार किया है। युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह वर्ष 2019 से 2025 तक रिलायंस स्टोर में कार्यरत थी, जहां नित्या भी काम करता था। नित्या ने युवती को विवाह करने का प्रलोभन देकर रेप करने के बाद अश्लील वीडियो बनाकर युवती से ब्लैकमेल कर 3.67 लाख रुपए वसूल किया।

# हथकरघा विपणन संघ हर साल करता है 200 करोड़ से अधिक का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित प्रदेश में हर साल 200 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार करता है। इसके लिए संघ के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए गणवेश से लेकर सरकारी स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग सहित अन्य कई विभागों से संबंधित कार्यालयों के लिए टॉवेल, नैपकीन आदि वस्त्रों के साथ सरकारी अस्पतालों एवं रायपुर सेंट्रल जेल के लिए चादर, कंबल, मछरदानी, कॉटन आदि तैयार किया जाता है। सभी प्रकार की सामग्री को बुनकरों के माध्यम से तैयार कराया जाता है, जिसकी सप्लाई संबंधित विभागों की डिमांड के अनुसार कराई जाती है। इधर संघ के अधिकारियों का कहना है कि तैयार वस्त्रों के अलावा कच्चा माल यानी धागा भी बेचने का काम संघ करता है। धागा की सबसे ज्यादा डिमांड रायपुर सेंट्रल जेल प्रशासन से आती है। इन धागों को पिरोकर वस्त्र बनाने का काम जेल में बंद कैदियों से कराया जाता है। हथकरघा विकास विपणन सहकारी संघ के सचिव एमएम जोशी ने बताया कि बुनकरों के माध्यम से तैयार किए जा रहे वस्त्रों की डिमांड लगातार बढ़ रही है, जिससे कारोबार में भी हर साल इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा गणवेश से लेकर अन्य जो भी वस्त्र तैयार कराए जा रहे हैं, उसकी क्वालिटी बहुत अच्छी है, वहीं बाजार में इस क्वालिटी के जो वस्त्र बिक रहे हैं, उसकी कीमत की तुलना में संघ के वस्त्रों की कम है। इस कारण से संघ के कपड़ों की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है।

## प्रदेशभर की 329 बुनकर समितियां करती हैं इन्हें तैयार

### शिक्षा विभाग से हर साल 179 करोड़ से अधिक का कारोबार

संघ सबसे ज्यादा कारोबार शिक्षा विभाग के माध्यम से करता है। शिक्षा विभाग से कक्षा पहली से आठवीं तक सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के गणवेश तैयार करने का आर्डर संघ को मिलता है। नए वित्तीय वर्ष के लिए भी 60 लाख सेट गणवेश तैयार करने का आर्डर मिला है। इस तरह प्रति सेट 299 रुपए की दर से कुल 179 करोड़ 40 लाख रुपए का आर्डर मिला है। इस आर्डर की आपूर्ति भी आगामी दो महीने में कर दी जाएगी।



### वस्त्रों की डिमांड लगातार बढ़ रही

बुनकरों के माध्यम से तैयार किए जाते वस्त्र सहित अन्य सामग्री हैं। बाजार में बिकने वाले वस्त्रों की तुलना में इनकी क्वालिटी के अनुसार कीमत बहुत कम है। वस्त्रों की डिमांड लगातार बढ़ रही है, जिससे अब अन्य विभागों से भी आर्डर मिलने लगे हैं।

- एमएम जोशी, सचिव, राज्य हथकरघा विकास एवं विपरण सहकारी संघ मर्यादित रायपुर

### केंद्रीय जेल रायपुर में 38 लाख के धागे की सप्लाई

संघ के बने चादर और कंबल के अलावा केंद्रीय जेल रायपुर प्रशासन को धागा की सप्लाई भी संघ करता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 42 लाख रुपए कीमत का धागा 10 एस काटन हैंक यार्न, 2-20 एस कॉटन हैंक यार्न एवं 3-6 एस कॉटन हैंक यार्न की सप्लाई की जानी है। इसके एवज में अब तक संघ ने 38 लाख रुपए धागा की सप्लाई कर दी है। इस तरह जेल प्रशासन से भी संघ को अच्छा कारोबार होता है।

## पुलिस गिरफ्त में आया शातिर देश के अलग-अलग राज्यों में घूम-घूम कर करता है चोरी

# चोरी के पैसे को शातिर ने अय्याशी में उड़ाया पकड़े जाने पर टार्चर से बचने कबूला अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौदहापारा तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में सिलसिलेवार दुकानों का ताला तोड़ कर आठ लाख रुपए से ज्यादा कैश तथा अन्य कीमती सामान चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आया शातिर देश के अलग-अलग राज्यों में करोड़ों रुपए के सोने-चांदी के जेवर तथा कैश चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस गिरफ्त में आए शातिर ने बिलासपुर जेल से छूटने के बाद रायपुर में चोरी की घटना की थी। चोरी के आरोप में पुलिस ने मूल रूप से कबीरधाम के रहने वाले लोकेश श्रीवास उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गोलू ने रायपुर में एक दर्जन से ज्यादा चोरी की घटना करने का अपराध कबूल किया है। लोकेश को पुलिस ने घटना स्थल के आसपास मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है।

### चोरी के पैसों से सैर सपाटा

दुकानों में सेंध लगाने के बाद लोकेश उन पैसों से नागपुर, मुंबई तथा दिल्ली की सैर करने निकल गया। वहां उसने चोरी के पैसों से खूब अय्याशी की। चोरी के पैसों से लोकेश नया मोबाइल खरीदने के साथ किसी दूसरे के नाम से सिम लेकर इस्तेमाल कर रहा था। लोकेश के मोबाइल नंबर की जानकारी जुटाकर पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर उसके रायपुर लौटने के बाद



### हंसते हुए पुलिस को चोरी की कहानी बताई

गिरफ्तारी के बाद लोकेश ने अपनी गिरफ्तारी का किसी तरह से कोई विरोध नहीं किया। थाना ले जाने के बाद पुलिस लोकेश से कुछ सवाल कर पाती, इसके पहले उसने जिन-जिन दुकानों में चोरी की थी, उसके बारे में पुलिस को सिलसिलेवार जानकारी दे दी। पुलिस के बगैर पूछताछ लोकेश द्वारा अपराध कबूल करने का कारण पुलिस के टार्चर से बचना है।

### दिल्ली में की थी 25 करोड़ की चोरी

पेशे से सेलून संचालक लोकेश श्रीवास ने वर्ष 2006 में पांडातराई से चोरी की शुरुआत की थी। लोकेश ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर 24 सितंबर 2023 को दिल्ली में उमराव सिंह ज्वेलर्स शोरूम में 25 करोड़ के गोल्ड तथा डायमंड की चोरी की थी। चोर चौथी मंजिल का ताला तोड़कर दुकान में घुसे, फिर स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार काट कर 4 से 5 लाख कैश, ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया था। चोरों ने चोरी करने दीवार में 1.5 फीट की सेंध लगाई थी। दिल्ली पुलिस ने लोकेश को छत्तीसगढ़ पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया था। ज्यादातर चोरी की घटना लोकेश अकेले ही अंजाम देता है। दिल्ली के साथ देश के कई अन्य राज्यों में लोकेश ने कई बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इनमें दक्षिण के राज्य भी शामिल हैं।

## एडीसी को पांच लाख देने की पेशकश

# एनएसयूआई का खाद्य एवं औषधि कार्यालय में अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नकली दवा के मामले में कारोबारी से साठगांठ के आरोपों से घिरे सहायक ड्रग कंट्रोलर संजय नेताम को पांच लाख रुपए नकद देने एनएसयूआई के कार्यकर्ता ब्रीफकेस लेकर पहुंचे। अफसर के नहीं मिलने पर उन्होंने तहसील कार्यालय में स्थित खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यालय के समीप प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं का आरोप है कि विभाग अफसर पर किसी तरह की कार्रवाई करने से बच रहा है।

सहायक नियंत्रक संजय नेताम कुछ दिनों पहले सारंगढ़ के उस व्यापारी के साथ राजधानी के कैफे में मीटिंग करने के मामले में चर्चा में आए थे जो नकली दवा के मामले में संदेही है। शिकायत के बाद भी अब तक उनके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज एनएसयूआई ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष शांतनु झा ने बताया कि यह 5 लाख रुपये उनके कृषक पिता द्वारा अपने घर निर्माण के लिए वर्षों की मेहनत से जोड़कर रखी गई राशि थी। इसे वे स्वास्थ्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार को रोकने और एडीसी संजय नेताम द्वारा पैसों की कथित कमी दूर करने के उद्देश्य से आम जनता के हित में देने आए थे, ताकि सरकार और प्रशासन की आंखें खुल सकें। कार्यालय में किसी के नहीं मिलने पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अस्थायी तहसील के सामने काफी देर तक प्रदर्शन किया। शांतनु झा ने बताया कि इस गंभीर मामले को लेकर एनएसयूआई ने ईओडब्लू तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को औपचारिक शिकायत सौंपी थी। प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव निखिल बघेल महामंत्री सूरज साहू जिला उपाध्यक्ष सय्यद नूर,उत्कर्ष,तारिक अनवर, डीकेंद्र सिन्हा, महासचिव संस्कार पांडे, अभिनव, ऐश्वर्य, गोपाल वर्मा, विमल साहू,संदीप बंजारे, अभिषेक, कपिल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।





# महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम आमसेना के 59वें वार्षिक महोत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम

- यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का मंत्र पाठ के साथ शुभारंभ

आमसेना के 59वें वार्षिक महोत्सव के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ आज प्रातःकाल यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का मंत्र पाठ के साथ यज्ञ के ब्रह्मा ब्रह्मचारी मनुदेव नैष्ठिक एवं अनेक साधू सन्यासियों के पावन उपस्थिति में संपन्न हुआ। आज का वेदोपदेश आचार्य वीरेंद्र कुमार दिल्ली एवं आचार्य स्वामी व्रतानन्द द्वारा आशीर्वचन हुआ। यज्ञ के पश्चात द्वितीय सत्र का शुभारंभ गुरुकुल के कुलपति कैप्टन रूद्र सेन आर्य एवं पूज्य स्वामी देवव्रत सरस्वती अध्यक्ष सार्वदेशिक आर्यवीर, पूर्व सांसद बसंत कुमार पंडा पताका उत्तोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच पर सबको सर्वप्रथम भजन सम्राट गायक पंडित कंचन कुमार दिल्ली ने समां बांधा आज का उद्घाटन सत्र में प्रथम वक्ता के रूप में पूर्व सांसद बसंत कुमार पंडा का उद्बोधन द्वितीय वक्ता डॉक्टर शिवप्रसाद बेहरा, स्वामी सुधानंद, स्वामी देवव्रत सरस्वती अध्यक्ष कार्यक्रम के कैप्टन रूद्र सेन आर्य द्वारा स्मारिका का विमोचन गोलपो माला वेद, यज्ञ पद्धति नित्य कर्म विधि पांच पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल आमसेना सहित अन्य संस्थाओं के भी ब्रह्मचारियों का उपस्थित सलाहनीय रही। अनेक साधु-संतों, विद्वानों ने इस कार्यक्रम को भव्य रूप से सराहा। राजस्थान से पधारीं प्रियंका आर्य ने भी शुभ मधुर भजन प्रस्तुत किए। ग्रामीण लोगों ने इस कार्यक्रम को लेकर के प्रसन्नता व्यक्त की गुरुकुल आमसेना ने भव्यता और दिव्यता के साथ 59वें वार्षिक महोत्सव के प्रथम दिवस को मनाया।

# रविवि ने परीक्षा से पहले बदल दिया पैटर्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवि द्वारा वार्षिक परीक्षाओं से पहले पैटर्न बदले जाने से छात्र परेशान हो गए हैं। मामला बीकॉम तृतीय वर्ष का है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय ने आगामी वार्षिक परीक्षा में विषयों को उनके निर्धारित 'ग्रुप' से अलग कर दिया है। इस बदलाव से छात्रों के सामने कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। विषयों के ग्रुप के अलग होने से परीक्षा का शेड्यूल कठिन हो जाएगा, जिससे छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ेगा। छात्र लंबे समय से ग्रुपिंग के आधार पर तैयारी कर रहे थे। अब विषयों के बीच अंतराल कम होने से परीक्षा परिणाम प्रभावित होने का डर है। अचानक हुए इस बदलाव से छात्र भ्रमित हैं। उनका कहना है कि उन्हें पूर्व में इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। वार्षिक परीक्षाओं से कुछ दिन पूर्व हुआ यह बदलाव उनके परीक्षा परिणामों पर प्रतिकूल असर डालेगा।

### पुराने छात्रों पर एनईपी नहीं

विषयों की जो ग्रुपिंग अर्थात समायोजन किया गया है, वो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार किया गया है। लेकिन पुराने छात्रों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं है। छात्रों द्वारा किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते समय जो नियम लागू होते हैं, वे ही नियम उनके अध्ययन पूर्ण होने तक रहते हैं। रविवि ने बीकॉम अंतिम वर्ष वार्षिक परीक्षा में यह बदलाव किया है। अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रों ने जब प्रवेश लिया था, उस समय राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं थी। विद्यार्थियों का आरोप है कि नियमविरुद्ध ये बदलाव उन पर थोपे गए हैं। रविवि द्वारा किए गए इस बदलाव के विरोध में एनएसयूआई जिला सचिव ओज प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व ने विवि प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। अमन कुमार सिंह, सुमित शुक्ल,प्रवीण सिंधु, पुष्पेंद्र जायसवाल सहित अन्य छात्र इसमें शामिल रहे।

# रियल एस्टेट में नए साल में योजनाओं की रफ्तार तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रियल एस्टेट में बीते साल मंदी का दौर रहा, जहां इस बार घर कम बिके हैं, वहीं नई योजनाएं भी बीते साल कम लांच हुईं। बीते साल 147 नई योजनाओं का ही रेरा में पंजीयन हुआ था, जबकि 2024 में 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे ज्यादा मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। अब नए साल 2026 में योजनाओं की रफ्तार तेज हो हो गई है। जनवरी के पहले माह में जहां 17 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है, वहीं फरवरी में तीन दिनों में दो नई योजनाएं पंजीकृत हुई हैं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके। इसके बाद 2023 और 24 में कम योजनाओं के आने के कारण कम मकान बिके। यही हाल 2025 का भी रहा है।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में सख्ती, नेपाल-बांग्लादेश बॉर्डर पर रेलवे अलर्ट

# अब ट्रेन यात्रा में पहचान पत्र रखना अनिवार्य, नहीं तो बिना टिकट के यात्रा माना जाएगा, रेलवे नियम के साथ कार्रवाई भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रेलवे बोर्ड ने आरक्षित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पहचान पत्र सत्यापन को अनिवार्य करते हुए सभी जोनल रेलवे को सख्त निर्देश जारी किए हैं। खासतौर पर भारत-नेपाल और भारत-बांग्लादेश जैसी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे क्षेत्रों में इन नियमों को कड़ाई से लागू करने को कहा गया है। रेलवे का मानना है कि इससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों (पीसीसीएम) को



पत्र जारी कर यह सुनिश्चित करने को कहा है कि आरक्षित श्रेणी में यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री से यात्रा के दौरान वैध पहचान पत्र का मूल दस्तावेज प्रस्तुत कराया जाए। रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में अब पहचान पत्रों की जांच अनिवार्य रूप से की जा रही है।

### एक यात्री के पास मूल पहचान पत्र होना अनिवार्य

*पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में यात्री को बिना टिकट यात्रा करने वाला माना जाएगा और रेलवे नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि समूह में यात्रा करने वाले यात्रियों के मामले में आरक्षित टिकट पर दर्ज यात्रियों में से कम से कम एक यात्री के पास मूल पहचान पत्र होना अनिवार्य है। यदि समूह में कोई भी यात्री पहचान पत्र दिखाने में असफल रहता है, तो पूरे समूह को बिना टिकट यात्रा करने की श्रेणी में रखा जा सकता है, जिसके तहत जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

### रियायत को निरस्त कर पूरा किराया वसूला जा सकता है

दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, छात्र एवं अन्य विशेष आरक्षण या रियायत कोटा के अंतर्गत यात्रा करने वाले यात्रियों को भी अपनी पात्रता से जुड़े वैध दस्तावेज यात्रा के दौरान दिखाने होंगे। पात्रता प्रमाणित नहीं होने पर रेलवे द्वारा दी गई रियायत को निरस्त कर पूरा किराया वसूला जा सकता है। यह निर्देश रेलवे बोर्ड के यात्री विपणन निदेशक-टू संजय मनोचा की ओर से जारी किए गए हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पहचान पत्र की अनिवार्यता से न केवल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि फर्जी टिकटों और अनुचित लाभ उठाने की प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगेगा।

## खबर संक्षेप

### माता यशोदा की जयंती पर की पूजा-अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता यशोदा की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। संतोष महाराज ने कहा कि माता यशोदा जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाई। पृथ्वी से अत्याचार और अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना के लिए भगवान कृष्ण ने जन्म लिया था। कारागार में माता देवकी ने कृष्ण को जन्म दिया, लेकिन उनका पालन पोषण माता यशोदा ने किया। इस अवसर पर राधिका वैष्णव, हिरेंद वैष्णव आदि मौजूद रहे।

### कॉलेजों में होगा मिलेट कैफे का संचालन

**सरायपाली।** शासकीय महाविद्यालयों मे मिलेट कैफे के संचालन स्व-सहायता समहों के माध्यम से कराया जाना है। मिलेट कैफे के संचालन हेतु महाविद्यालयों की सूची पत्र के साथ संलग्न है। चिन्हांकित महाविद्यालयों में मिलेट कैफे के संचालन के लिए चिन्हांकित स्थल अथवा उसके आसपास 2 किलोमीटर से 5 किलोमीटर की दूरी में कार्यरत एवं सकिय ऐसे महिला स्व-सहायता समूह जो मिलेट कैफे के संचालन में रूचि रखते हो उनका आवेदन के लिए आमंत्रित किया गया है। आवेदन सोमवार तक महिला बाल विकास के परियोजना कार्यालय मे समयावधि में प्रारूप के साथ जमा कर सकते है।

### सड्डू में अवैध प्लाटिंग क्षेत्र में लगा बोर्ड

**रायपुर।** जोन 9 नगर निवेश विभाग ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 8 क्षेत्र अंतर्गत सड्डू इलाके में अवैध प्लाटिंग स्थल पर जनहित में सूचना बोर्ड लगाने की कार्यवाही की गई है। बोर्ड में लोगों से अपील की है कि यह अवैध प्लाटिंग का भाग है और यहां तथा आसपास भवन निर्माण अनुज्ञा की स्वीकृति नगर निगम ने नहीं दी है, इसलिए किसी भी प्रकार की प्लाट की खरीदी-बिक्री नहीं करें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 292(ग) के प्रावधान के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### महापौर-आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की ली बैठक

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में बैठक ली। इसमें उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की प्रभावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने नवीन संकेतकों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर आधारित सह प्रशिक्षण बैठक में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम का समस्त मैदानी अमला शहर के सभी जोनों में स्वच्छता स्तर, दर्शनीय स्वच्छता तथा जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए कार्य करे। विशेष रूप से लक्षित स्कूलों में स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित करने एवं प्रत्येक वार्ड में वार्ड स्तरीय स्वच्छता चैम्पियन तैयार करें तथा लोगों को स्वच्छ आदतों के लिए प्रेरित करें।

### जलाशय योजना के लिए 17.89 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा कोरबा जिले के अंतर्गत दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 17 करोड़ 89 लाख 6 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड कटघोरा अंतर्गत खोलार नाला स्टापडेम नं. 2 के कार्य हेतु 6 करोड़ 83 लाख 83 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना से निस्तारी, भू-जल संवर्धन एवं किसानों द्वारा स्वयं के साधन से 25 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई होगी एवं औद्योगिक तथा औद्योगिक प्रयोजन हेतु जल प्रदाय किया जाएगा।

# जिले की घाटों से रेत और राजस्व की चोरी पकड़ी, चैन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के रेत खदानों से लगातार हो रही रेत और राजस्व की चोरी थम नही रही है। जिले के स्वीकृत घाटों के अलावा रायपुर जिले की ओर से लगातार जिले के क्षेत्र में अवैध खनन कर राजस्व और रेत की चोरी की जा रही है। महानदी की दूसरी ओर की घाटों से लगातार मशीनें लाकर जिले के तटीय क्षेत्रों में मशीनों से उत्खनन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के सख्त निर्देशों के तहत हुई कार्रवाई ने इस बात की तस्दीक की है कि जिले की रेत घाटों से रेत और राजस्व दोनों की चोरी नदी के उस पार के घाट संचालक कर रहे हैं। रेत माफिया पिछले दो दिनों से बहुत ही चालाकी से इस काम को अंजाम देते हुए कार्रवाई से बचने रात के समय ग्राम पीढ़ी से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे थे और इसे रायपुर जिले की ओर भेज रहे थे। पीढ़ी से निकाली गई रेत के परिवहन के लिए उन्होंने रायपुर जिले के करमंदी रेत खदान के रैंप को चुना और इस महासमुंद जिला क्षेत्र की रेत और राजस्व की चोरी करते हुए रात के अंधेरे का फायदा उठाकर इस रास्ते से निकासी की जा रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई के तहत ग्राम पीढ़ी क्षेत्र में अवैध उत्खनन में शामिल एक मिशन लिफ्ट चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया है। जब्त की गई इस कीमती मशीन को सुरक्षा की दृष्टि से वर्तमान में थाना तुमगांव की अभिरक्षा में रखा गया है।

## रायपुर जिले की घाटों से प्रवेश कर जिले की सीमा में जारी है अवैध खनन और चोरी

### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

खनिज विभाग को लगातार इस अवैध गतिविधि की सूचनाएं मिल रही थीं। इस पर लगाम लगाने के लिए विभाग ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। बीती रात जैसे ही सटीक जानकारी मिली कि चेन माउंटेन मशीन करमंदी खदान की ओर से पीढ़ी (महासमुंद) की सीमा में दाखिल हुई है, खनिज अमले ने बिना देरी किए मौके पर दबिश दी। टीम ने मशीन को घेराबंदी कर अपने कब्जे में ले लिया।




### अधिकारियों का रुख

खनिज अधिकारी फागू लाल नागेश ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के हवाले से कहा है कि कहा कि जिले में किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध परिवहन और अवैध उपकरणों के उपयोग पर खनिज विभाग की पैनी नजर है। शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



**महासमुंद।** सिरपुर से लगे महानदी क्षेत्र में रायपुर जिला की ओर से स्वीकृत खदान के ठेकेदार प्रवेश कर रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। जिले से रेत निकालकर रायपुर के रास्ते परिवहन किए जाने का यह मामला भी सामने आया है जिसमें शुक्रवार को खमतराई घाट से रेत का अवैध उत्खनन करते परिवहनकर्ता समय स्थान, तारीख सहित कैमरे में कैद हुए। पीढ़ी में हुई कार्रवाई की तर्ज पर खनिज विभाग से उक्त स्थान पर भी कार्रवाई की अपेक्षा जताई जा रही है।

## आयोजन : एनएसएस गतिविधियाँ समाज में सकारात्मक प्रेरणा का स्रोत

# मुंडा में स्वयंसेवकों ने बनाई पोषण बगिया, 81 छात्रों के बनाये गए लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मुंडा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। 29 जनवरी से 4 फरवरी तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों ने न केवल सामाजिक सेवा की मिसाल पेश की, बल्कि ग्रामीण विकास के विभिन्न आयामों को भी छुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत लवन के अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत मुंडा की सरपंच शशिकला पांडेय, पुलिस थाना लवन के प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह और महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के सदस्य अखिलेश मिश्रा शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. एसके भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में शिविरार्थी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न वितरित किए गए। मुख्य अतिथि चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। छात्र छात्राओं को सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की शिक्षा देता है। वहीं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने युवाओं को अपराध से दूर रहने की सीख दी और हेल्पलाइन के संबंध में अवगत करवाया। जनभागीदारी सदस्य अखिलेश मिश्रा ने कहा कि एनएनएस इकाइयों को सक्रिय और प्रभावी बनाए रखने लिए विषम परिस्थितियों में भी वे स्वयंसेवकों का मनोबल बनाए रखते हैं। एनएनएस के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम जैसे आयोजनों से समाज के अन्य वर्गों में भी सकारात्मक प्रेरणा देती है।

शिविर के दलनायक पंकज साहू, लीलावती वर्मा, तनिषा साहू, ऋग्वेद सोनवानी, हेमलता वर्मा, ज्योति वर्मा, उर्वशी साहू आदि ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने ग्राम वासियों, ग्राम पंचायत मुंडा और नगर पंचायत लवन को सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।




### स्वास्थ्य शिविर में 88 लोगों का परीक्षण, 22 गंभीर नेत्र रोगी चिन्हित

कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि 29 जनवरी से 4 फरवरी तक संचालित शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला परिसर मुंडा का सौंदर्यीकरण किया गया एवं फलदार एवं पोषक पौधों को रोपित कर पोषण बगिया का निर्माण किया गया। शिविर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर से 88 ग्रामवासी एवं विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया, जिसमें नेत्र विकार के 22 गंभीर मरीजों की पहचान की गई। ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में 81 लाभार्थियों को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए गए। इसके साथ ही बौद्धिक परिचर्चा सत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह और लवन तहसीलदार पेखन टोण्ड्रे द्वारा युवाओं को उच्च लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया गया।

# तेंदू लकड़ी का अवैध परिवहन, वनोपज जांच चौकी पालीडीह से हुआ जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वाहनों की जांच के दौरान वन अमले में अवैध रुप से परिवहन किए जा रहे तेंदू की लकड़ी और वाहन को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार वनोपज जांच नाका पालीडीह में वाहन जांच के दौरान 05 फरवरी को एक आयशर माजदा 1109 वाहन में अवैध रूप से तेंदू लकड़ी पदमपुर (ओडिसा) की ओर से आ रही वाहन कमांक आरजे 14 जीटी 6075 वाहन में जांच के दौरान वाहन को रोककर वन विभाग एवं पुलिस विभाग के सहयोग द्वारा वाहन चालक से पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान वाहन चालक द्वारा बताया गया कि उक्त तेंदू काष्ठ को ओडिसा से हरियाणा ले जा रहे हैं एवं वाहन मालिक का नाम गुलाब सिंग वल्द नारायण बताया गया। चेकिंग के दौरान वाहन चालक द्वारा मोबाईल में टीपी एवं अन्य बिल का पीडीएफ दिखाया। टीपी बिल में उल्लेखित तेंदू काष्ठ की लम्बाई, गोलाई एवं मात्रा तथा वाहन में लोड काष्ठ की लंबाई, गोलाई एवं मात्रा का मिलान करने पर भिन्नता पाई गई। वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय के निर्देशन में संयुक्त वनमंडलाधिकारी उप वनमंडल यूआर बसंत के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रत्युष टांडेय के नेतृत्व में हुई उक्त कार्रवाई में तेंदू प्रजाति के लठ्ठा 110 नग 4.595 घ.मी. लगभग एवं एक आयशर माजदा 1109 वाहन क्रमांक आरजे 14 जीटी 6075 तेंदू लठ्ठा मय जब्त की गई, जिसका पीओआर नंबर 20652/03 दिनांक 05 फरवरी.2026 जारी की गई है। जब्त वनोपज की अनुमानित मूल्य 76121 रुपए है। वाहन ड्राइवर नाम रामकिशन सैनी पिता गोपाल लाल सैनी जाति-माली ग्राम धोवारा, बूंदी, राजस्थान से पूछताछ कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 के अंतर्गत छग अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की धारा 03, 05, 14 एवं धारा 16 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

# अमृत भारत योजना के करोड़ों के बजट के बाद भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किए गए हैं। स्टेशन को आधुनिक रूप देने के लिए निर्माण कार्य जारी है, लेकिन वर्तमान में यहां आने वाले यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन के सौंदर्यीकरण पर ध्यान दिए जाने के बीच यात्री पीने के पानी, खान-पान और सुगम आवाजाही जैसी प्राथमिक जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों के बीच सबसे अधिक परेशानी दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को हो रही है। करोड़ों के इस प्रोजेक्ट में फुट ओवरब्रिज का विस्तार तो किया जा रहा है, लेकिन एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए दिव्यांगों के लिए कोई सरल या सुगम वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। व्हीलचेयर या बैशाखी के सहारे चलने वाले यात्रियों का कहना है कि स्टेशन की बनावट वर्तमान में उनके अनुकूल नहीं है। इसके अतिरिक्त, दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से बनाए गए शौचालयों में ताले लटके होने के कारण उन लोगों को भारी समास्यों से जूझना पड़ रहा है। साफ-सफाई की कमी के कारण विशेष आवश्यकता वाले यात्रियों को स्टेशन पर रुकने में काफी असुविधा होती है।

### खान-पान और पेयजल का संकट

स्टेशन परिसर के भीतर यात्रियों के लिए खान-पान की व्यवस्था न के बराबर है। वर्तमान में स्टेशन के अंदर एक भी स्टाल संचालित नहीं हो रहा है। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों और छोटे बच्चों के साथ सफर कर रहे परिवारों को दूध, बिस्कुट या नाश्ते के लिए स्टेशन परिसर से बाहर जाना पड़ता है। महिला यात्रियों के अनुसार, ट्रेन के इंतजार के दौरान स्टेशन छोड़कर बाहर जाना सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंताजनक होता है। पेयजल की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। स्टेशन पर लगे अधिकांश नलों में पानी की आपूर्ति बाधित है और वाटर वेंडिंग मशीनें अक्सर बंद रहती हैं।

### बुनियादी सुविधा होने से सार्थक होगा विकास

यात्रियों और दैनिक यात्रियों का मानना है कि रेलवे स्टेशन की सौंदर्यीकरण तभी सार्थक होगा जब वहां बुनियादी सुविधाएं सुचारू रूप से कार्य करेंगी। यात्रियों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान भी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जाए जिसमें प्लेटफार्मों के बीच दिव्यांगों के लिए रैंप या सुगम रास्ता हो, स्टेशन के भीतर खान-पान के स्टालों की उपलब्धता हो, स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति हो एवं दिव्यांग शौचालयों को उपयोग के लिए खोले जाने चाहिए।

# चावल के स्टॉक में भारी कमी, राशन दुकानों से खाली हाथ लौट रहे हितग्राही, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण व्यवस्था इस समय गहरे संकट में है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जिले में चावल की भारी किल्लत हो गई है, जिसके कारण हजारों गरीब परिवारों को उनके हक का अनाज नहीं मिल पा रहा है। जिले में चावल भंडारण और वितरण की स्थिति बेहद चिंताजनक है। जिले की कुल भंडारण क्षमता और आवश्यकता के मुकाबले वर्तमान में उपलब्ध चावल बहुत कम है।

जिले में कुल भंडारण क्षमताः 4,12,960 क्विंटल चावल की है। लेकिन, वर्तमान में केवल 21,854.12 क्विंटल चावल उपलब्ध है एवं जिले में कुल 3,62,834.33 चावल की आवश्यकता है। जिले में वर्तमान में स्टॉक की स्थिति मात्र 12.14 प्रतिशत हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जिले के पास मांग की तुलना में बेहद कम स्टॉक बचा है। पर्याप्त मात्रा में चावल उपलब्ध न होने के कारण गोदामों से राशन दुकानों तक आपूर्ति ठप हो गई है। ग्राम-झलप के रामलाल ने बताया है कि पिछले कई दिनों से राशन दुकान के चक्कर काट रहा हूं। सेल्समैन कहता है कि ऊपर से ही चावल नहीं आया है। घर में पुराना रखा अनाज खत्म हो चुका है, अब बाजार से ऊंचे दामों पर चावल खरीदना पड़ रहा है। पुरंदर निषाद बागबाहरा निवासी ने बताया है कि मजदूरी से इतना पैसा नहीं मिलता कि रोज बाजार से चावल खरीद सकें। सरकारी चावल ही हमारा सहारा है, लेकिन वितरण बंद होने से चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है।



### समस्या का मुख्य कारण

जिले में चावल की इस कमी का मुख्य कारण आवश्यकता के अनुरूप आवंटन न होना है। जहां जिले को 3 लाख क्विंटल से अधिक चावल की जरूरत है, वहां केवल 21 हजार क्विंटल का स्टॉक होना यह दर्शाता है कि आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह टूट चुकी है। स्टॉक में केवल 12.14 प्रतिशत चावल उपलब्ध होने के कारण वितरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाना विभाग के लिए संभव नहीं हो पा रहा है। अब तक इस कमी को दूर करने के लिए कोई ठोस वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे आम जनता में रोष बढ़ता जा रहा है।

### हितग्राहियों की बढ़ती परेशानियां

राशन न मिलने के कारण सबसे अधिक परेशानी उन गरीब परिवारों को हो रही है जो पूरी तरह से सरकारी चावल पर निर्भर हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की राशन दुकानों में लोग सुबह से राशन दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें स्टॉक खत्म होने की बात कहकर वापस भेज दिया जा रहा है। शांति बाई ने बताया है कि मेरे कार्ड पर पांच सदस्यों का राशन मिलता है। इस महीने अभी तक एक दाना भी नहीं मिला। दुकान जाने पर बताया जाता है कि स्टॉक में चावल नहीं बचा है। हम गरीब लोग कहां जाएं।




### बीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

**सरायपाली।** नवागढ़ संकुल आश्रित शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ापाली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक देवानंद नायक, वरिष्ठ प्राचार्य सीएल पुहूप, संकुल समन्वयक खिरोद्र सोनी का आगमन हुआ। स्कूल के आकर्षक बाह्य वातावरण, सुव्यवस्थित कक्षा-कक्ष, सुलभ प्रिंट रिच, विद्यार्थियों के कक्षागत दक्षता, शैक्षिक-नवाचार एवं जन समुदाय को जोड़कर शाला विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को देखकर निरीक्षण दल ने संस्था प्रमुख पीएन दास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा क्रमशः 9 और 8 का पहाड़ा अबाध गति से सुनाए जाने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को 50-50 रुपए नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। शाला में हो रहे शैक्षिक नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए विखं शि.अ. पटेल के द्वारा संस्था प्रमुख को 1000 रुपए दान राशि प्रदान की गई। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला पालीडीह का औचक निरीक्षण किया। दिशानिर्देश और मार्गदर्शन दिए।

# खट्टी स्कूल में शिक्षक सिराज का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के सहायक शिक्षक सिराज बक्श को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के तहत शिक्षा दूत सम्मान मिलने पर शासकीय कन्या एवं प्राथमिक शाला खट्टी के समस्त शिक्षक स्टाफ, ग्राम पंचायत खट्टी के सरपंच अनिता मोती मेहरा, पंच सावित्री साहू एवं शाला के बच्चों द्वारा शिक्षक सिराज बक्श का सम्मान किया गया।



इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत खट्टी अनिता मोतीलाल मेहरा ने शाल एवं श्रीफल भेंट कर शिक्षक सिराज बक्श का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच ने कहा कि शिक्षा के लिए सदैव समर्पण भाव से कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मान मिलना गर्व की बात है। हर शिक्षक अपने आप में विशिष्ट होता हैं। हमारे गांव में शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करने में हमारे सभी शिक्षकों का महत्वर्ण योगदान रहता है।



**सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा**
06 फरवरी 2026 SHOW TIME
बॉर्डर - 2
शो समय -03:00, 06:00, 09:00 PM
सरकारी दमाद (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मंगलसूत्र (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
गोदान
शो समय - 03:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# किसानों को प्रदान किए 55 स्प्रिंकलर सेट, 30 पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक वाटर लिफ्टिंग पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किसानों को सिंचाई उपकरणों का वितरण किया गया। संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं एफएच-एचआर करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई एवं शाकम्भरी योजना के तहत शासन के मापदंडों को पूर्ण करने वाले 85 चयनित किसानों को 55 स्प्रिंकलर सेट तथा 30 पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक वाटर लिफ्टिंग पंप प्रदान किए गए, जिसमें प्रत्येक किसान को अल्ट्राटेक सीएसआर द्वारा अंशदान राशि में सहयोग किया गया। स्प्रिंकलर, पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक पंप से लाभान्वित किसान मुख्यता रावन झीपन कसहीडीह, पेंड्री, चुचरुंगपुर, गुमा, तिल्दाबाधां, छिराही, पडकीडीह, खपराडीह, औरासी, सरसेनी, फुलवारी, रवेली गांवों के हैं। अब तक सीएसआर द्वारा कुल 260 स्प्रिंकलर सेट एवं 126 पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक पंप वितरित किये जा चुके हैं। समस्त किसानों ने अल्ट्राटेक को कृषक अंशदान में राशि के लिए सहयोग प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में रावन उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा, सरसेनी सरपंच टीकेश्वर देवांगन एवं पेंड्री सरपंच प्रतिनिधी ढालेन्द्र निषाद की उपस्थिति रही। सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने स्प्रिंकलर, पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक पंप के बहुआयामी उपयोग के बारे में बताया तथा ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र यादव, ताराचंद वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, सुनीता निषाद, साहिल बांधे, गुमान साहू की भूमिका रही।

### संयंत्र और कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से किसान हुए लाभान्वित





### किसानों को दी गई जानकारी

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के अनिल कुमार दीवान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड सिमगा तथा सुचिन कुमार वर्मा कृषि विकास अधिकारी पलारी ने प्रधानमंत्री आशा योजना, दलहन तिलहन का पंजीयन, बीज उत्पादन कार्यक्रम, फसल अवशेष का उपयोग के बारे में विशेष जानकारी दी। साथ ही साथ स्प्रिंकलर, पेट्रोल एवं इलेक्ट्रीक पंप से होने वाले लाभ के बारे में किसानों को अवगत कराया एवं अल्ट्राटेक को उसकी कार्य का सराहना करते हुए शासन की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## स्टंटबाज नाबालिगों को एसपी भावना गुप्ता ने दी चेतावनी, कसडोल में देखे गए ऐसे प्रकरण

# रील बनाने के चक्कर में जान जोखिम में न डाले युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के तहत खाकी वार्ता आयोजित की जा रही है। उक्त कार्यक्रम के तहत लाइव रहकर विभिन्न विषयों जैसे साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता, बाल अपराध, महिला अपराध आदि विभिन्न अधिनियमों के संबंध में जानकारी लगातार दिया जा रहा है। इसी कड़ी में छठवें एपिसोड के तहत शनिवार को जिला पुलिस फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव रहकर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा यातायात नियमों का पालन तथा वाहनों से खतरनाक स्टंट करने वाले नाबालिग बालकों एवं छात्रों में जागरूकता के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया गया। इस दौरान बलौदाबाजार पुलिस फेसबुक पेज को फॉलो एवं लाइक कर लोग यातायात जागरूकता संबंधी लाइव खाकी वार्ता कार्यक्रम के सहभागी बने।

### सोशल मीडिया पर पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम के तहत खाकी वार्ता आयोजित की





### प्राचार्य एवं पालकगण सदैव छात्रों एवं अपने बालकों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान कर

विगत कुछ दिनों से कसडोल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में नाबालिक बालकों एवं छात्रों का चार पहिया एवं बाईक आदि में खतरनाक स्टंट करते हुए विभिन्न वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुए हैं। उक्त सभी वीडियो को मुख्य विषय के रूप में चयनित करते हुए भावना गुप्ता द्वारा खाकी वार्ता के माध्यम से बताया गया कि सोशल मीडिया में रील आदि को देखकर, स्कूलों के छात्र एवं नाबालिक बालक ऐसे खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। यह उनके लिए अत्यंत खतरनाक साबित हो सकता है, थोड़ी सी भी गलती उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए स्कूल के प्राचार्य एवं पालकगण सदैव छात्रों एवं अपने बालकों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करें, ऐसे किसी भी कृत्य के लिए उन्हें संभावित खतरे के प्रति लगातार आगाह करें।

### नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार से स्पीड बाइक या अन्य कोई वाहन आदि चलाने ना दें

विशेष कर पालक, अपने नाबालिक बच्चों को किसी भी प्रकार से स्पीड बाइक या अन्य कोई वाहन आदि चलाने ना दें। ऐसा कोई भी खतरनाक स्टंट यातायात नियमों की उल्लंघन की श्रेणी में आता है, जिसके लिए संबंधित वाहन चालक एवं वाहन मालिक के अतिरिक्त नाबालिक बालकों के परिजनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के परिजन अपने बच्चों की नियमित रूप से निगरानी करें, उन्हें अच्छे बुरे के बारे में जानकारी दें, जिससे बच्चे एवं छात्र यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहे एवं नियमों का पालन करें। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही नाबालिक बालकों एवं छात्रों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन पर की जाने वाली कार्रवाई एवं विभिन्न अधिनियमों के संबंध में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। लाइव कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा, पलारी, लवन सहित कई स्कूल एवं संस्थाओं के बच्चे एवं अन्य नागरिक सहित आनलाइन हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शासकीय प्राथमिक शाला खैरा में वार्षिक उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। देशभक्ति गीतों व नृत्य प्रस्तुतियों से छात्रों ने प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेशकुमार घृतलहरे सरपंच ग्राम पंचायत अमेठी, शाला प्रबंधन विकास समिति केअध्यक्ष केशराम ध्रुव एवं पंचों ने किया। छात्रों ने छत्तीसगढ़ के लोकगीतों एवं देशभक्ति गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियों से प्रेरक संदेश दिया। सरपंच राजेश घृतलहरे एवं अतिथियों नें बच्चों की प्रस्तुति को सहारा और सम्मानित किया। प्रधानपाठक पुरुषोत्तम लाल यादव नें आभार व्यक्त किया और शिक्षक दिलीप साहू ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर सुरीत ध्रुव, सालिक, रामखिलावन, महेश, गणेश, दिनेश, दिलीप, रवि, ओमप्रकाश, भीष्मदेव, कमलेश, सागर, सत्या, नंदनी, सावित्री, धनेश्वरी, मिलापा, पुन्नी बाई, जामबाई, जानकी, ममता एवं विद्यालय के बच्चें और भारी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### मुक्तिधाम परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**भवानीपुर।** ग्राम पंचायत वटगन में स्वच्छता का संदेश देते हुए ग्राम के मुक्तिधाम परिसर में सुंदर और सुशोभित बनाने के लिए मुक्तिधाम परिसर में सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही उपस्थित सदस्यों ने ग्राम को स्वच्छ बनाने के लिए शपथ ली। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच बाबूलाल बंजारे, वार्ड पंच दिनेश वर्मा, अवध राम यादव, मनोज वर्मा, नाथू ध्रुव, भानु चंद्राकर, कौशल वर्मा, देव कुमार वर्मा, सरहु पटेल, अनीता वर्मा, गोदावरी पटेल, भूलेश्वरी वर्मा, दीपक चंद्राकर, राजेश शर्मा, द्वारा यहां अभियान चलाकर गांव को सुरक्षित एवं स्वच्छता बनाने का संकल्प लिया।

### सेल में भागवत महापुराण कल से



**सेल।** ग्राम पंचायत सेल में 9 से 17 फरवरी तक भागवत महापुराण का आयोजन रखा गया हैं। स्थानीय सूतियापारा के शिवलिंग मंदिर के पास कथा वाचक आचार्य कीर्ति कुमार पांडेय है। पहले दिन 9 फरवरी को कलश यात्रा वेदी पूजन भागवत महात्म्य, 10 को परिक्षित जन्मोत्सव से शुकदेव आगमन तक, 11 को कपिलोख्यान एवं माता सती की कथा, 12 को ध्रुव चरित्र भरत चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र, 13 गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 14 को पुतना मोक्ष बाल लीला से गोवर्धन पूजा तक, 15 को श्रीकृष्ण रूखमणी विवाहोत्सव, 16 को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष एवं कथा विश्राम और 17 फरवरी को तुलसी वर्षा गीता पाठ हवन सहस्त्र धारा एवं देव विसर्जन किया जाएगा। आयोजक समिति राधे- राधे नव युवा एकता समिति सूतिया पारा एवं समस्त ग्रामवासी सम्मिलित हैं।

### दत्तरेंगी में कबड्डी प्रतियोगिता 11 को

**पलारी।** दत्तरेंगी में कबड्डी प्रतियोगिता 11 फरवरी को रखी गई हैं। इसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार रूपये, द्वितीय 7000 रूपये, तृतीय 5000 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपये के साथ सभी को कप प्रदान किया जाएगा एवं आकर्षक पुरस्कार में बेस्ट रेडर, कैचर, ब्लाकर व आल राउंडर को दिए जाएंगे। यह जानकारी समिति के सदस्य रिकेश निषाद, नितेश यादव, प्रदीप निषाद, गजेंद्र भावतरक व गांव के सरपंच रविशंकर वर्मा ने दी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से परीक्षा पे चर्चा में नयन वर्मा हुए शामिल



**खरोरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ दिन पहले नया रायपुर पहुंचे थे और इसी समय छत्तीसगढ़ के 22 बच्चों से परीक्षा पे चर्चा किए थे। इस चर्चा में खरोरा के संगीतकार गायक चंद्रभूषण वर्मा के सुपुत्र नयन वर्मा का भी चयन हुआ था। नयन वर्मा कृष्णा पब्लिक स्कूल डुंडा कमल विहार रायपुर में 8वीं का छात्र है। चंद्रभूषण वर्मा राष्ट्रपति सम्मानित गोविंद राम वर्मा के सुपुत्र है। इसका प्रसारण 9 फरवरी को सुबह 10 बजे दूरदर्शन और यूट्यूब पर किया जाएगा।

## साहू समाज ने परिक्षेत्र के पूर्व पदाधिकारियों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

तहसील साहू संघ पलारी के अंतर्गत साहू समाज भवानीपुर परिक्षेत्र में पूर्व पदाधिकारियों का विदाई समारोह साहू समाज भवन भवानीपुर में संपन्न हुआ। इसमें पूर्व अध्यक्ष मनहरण साहू, पूर्व उपाध्यक्ष प्रेमलाल साहू, महिला उपाध्यक्ष शारदा साहू, सचिव सीताराम साहू, कोषाध्यक्ष पूरनलाल साहू सहित सभी पूर्व पदाधिकारियों का नव निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा श्रीफल नारियल, शाल भेंट कर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। तत्पश्चात नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान में अध्यक्ष डोमन साहू, उपाध्यक्ष रामकिशुन साहू, महिला उपाध्यक्ष सरस्वती साहू, संगठन सचिव दीपक साहू, सहित सभी मनोनीत पदाधिकारियों ने अपने दायित्व निर्वाह करते हुए परिचय दिया।

कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष डोमन साहू ने समाज द्वारा ग्राम देवसुंद्रा में 8 मार्च को होने वाले सामूहिक आदर्श विवाह के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि समाज में खर्चीली शादी को रोका जाय इस वजह से साहू समाज प्रत्येक वर्ष परिक्षेत्र, तहसील से लेकर जिला स्तर तक सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन करते हुए आ रहा है। जिसे हमारे ऐसे परिवारों में आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। साथ ही उन्होंने समाज जानो से अपील करते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर खर्चीली शादी को रोका जाय साथ ही सामाजिक विभिन्न नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर संरक्षक मनहरण साहू, थानुराम साहू, प्रेमलाल साहू, केशव साहू, कौशलेश साहू, संतोष साहू, परसराम साहू, धनेश्वर साहू, तेजराम साहू, सालिक साहू, मुखीराम साहू, सोनसाय साहू, विजय साहू, गजेंद्र साहू, सीताराम साहू, शारदा साहू, हेमलता साहू, मीनाक्षी साहू, नारायण साहू, संजू साहू, समाज सेवक दुखितराम साहू, कौशल साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

## नशा मुक्त और अनुशासित जीवन है राष्ट्र निर्माण का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- पलारी कॉलेज का एनएसएस शिविर दतरेंगी में आयोजित



शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी द्वारा ग्राम दतरेंगी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) शिविर के पांच दिवस आयोजित बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हितेंद्र ठाकुर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप पांडे ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा एवं दीपक तिवारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के जीवन को सही दिशा देने वाला मार्ग है। राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन, त्याग एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। उन्होंने कविता और उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के भविष्य को अंधकार में धकेल देता है, जबकि संयम, मेहनत और सकारात्मक सोच जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशा-मुक्त, अनुशासित एवं लक्ष्यपूर्ण जीवन अपनाकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी कोमल देवांगन ने आभार व्यक्त किया। बौद्धिक परिचर्चा में सरपंच रविशंकर वर्मा, एकलव्य सिदार, सुमन पटेल, दीप्ति वर्मा, श्रद्धा रंगारे, रूपलाल देवांगन, वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपक वर्मा एवं गेंदराम धीवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में शिविर नायक योगेश कन्नौजे एवं शिविर नायिका दीपिका वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवक विजय, ज्योति, अन्नू, संजना, लक्की, अमन, थामेश, रिहान, रोहित, आकाश, सोनिया, सुनीता, रेखा, आमनी, गामिनी, गूंजा, कुसुमलता, पम्मी, श्वेता, पायल, गीतांजलि, रेणु, राधिका, दुर्गा, संध्या, पूजा, वामनी, हरेलीया, खिलेश्वरी, प्रतिमा, शालिनी, मोनिका, सुहानी एवं हितेश्वरी सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### चरोदा में स्काउट गाइड ने दीवार लेखन के जरिए दिया नरई न जलाने का संदेश

**पलारी।** बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरों को देखते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। शासकीय हाई स्कूल चरोदा ब्लॉक पलारी के स्काउट्स और गाइड्स ने दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को पराली (नरई) न जलाने के प्रति जागरूक किया। विदित हो कि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है और साथ ही जलवायु परिवर्तन का खतरा दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है उसको देखते हुए स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा एक छोटी सी कोशिश दीवार लेखन के माध्यम से की गई, ताकि लोग पराली ना जलाएं, क्योंकि परली जो होती है वह कहीं ना कहीं सड़ने के बाद खेत के लिए खाद का काम करती है या तो पशु उसे खा लेते हैं। परली जैव निम्नीकृत होता है तो किसी प्रकार का नुकसान खेतों को नहीं पहुंचता। इस कार्य में स्काउट खिलावन, शुभम, मोनूराज, ईश्वर, त्रिदेव, सैफ तथा गाइड श्रद्धा, खुशबू, उर्वशी, हेमा, योगिता, खिलेश्वरी ने दीवाल लेखन के माध्यम से जागरूकता का संदेश स्काउट गाइड ने दिया।




### तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन कल से

**खरोरा।** ग्राम गनियारी में इस वर्ष भी श्रीराम मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 9 से 11 फरवरी तक किया जा रहा है। इस मानसगान सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलो के ख्याति प्राप्त मानस मंडली का समागम होने जा रहा, जिसमें प्रमुख रूप से चिरपोटी, भखारा, बिरकोनी, टुरीझर बागबाहरा, मरकनपुर डोंगरगढ़, धरमपुर, रायपुर, सेनचुवा कुरुद, परतेवा राजिम, कुंदरू पारा बालोद, बकतरा रायपुर, चिल्हाटी उत्तर बस्तर, डोटोपार बालोद, रातापायली राजनांदगांव, गुजरा भाखरा, पुरानी बस्ती रायपुर, गुदगुदा धमतरी, सिंगदेही, सुखाताल बेमतरा, केरली बड़ी आदि स्थानों की मानसगान मंडलियों का आगमण होगा।

### रैम्प वॉक बनी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा

# सम्मान और संस्कारों से सजा दादा-दादी दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अंबुजा विद्या पीठ, रवान में शुक्रवार को दादा-दादी दिवस का आयोजन हुआ। विद्यालय के असेंबली हाल में प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम ने पीढ़ियों के बीच प्रेम, अपनत्व और संस्कारों की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक स्वागत उद्बोधन से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि दादा-दादी परिवार की वह अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव, संस्कार और आशीर्वाद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को भारतीय पारिवारिक मूल्यों को सशक्त करने वाला बताया।

कार्यक्रम में यूकेजी के नन्हें-मुन्नें विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कविता पाठ ने सभी दादा-दादी का हृदय जीत लिया। बच्चों की मासूम अभिव्यक्तियों ने पूरे वातावरण को भावुक कर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मधुर समूह गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में नई ऊर्जा और आनंद का संचार किया।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा अपने दादा-दादी के लिए बनाए गए सुंदर शुभकामना कार्ड भेंट किए गए, जिन्हें पाकर दादा-दादी भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम की एक विशेष कड़ी के रूप में दादा-दादी ने अपने अनुभव एवं संदेश साझा किए और बच्चों को जीवन में सत्य, अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों का महत्व बताया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पोते-पोतियों के साथ दादा-दादी की रैम्प वॉक रही। इस मनोहारी प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया और पीढ़ियों के बीच गहरे स्नेह को सजीव रूप में दर्शाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी दादा-दादी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

